an>

Title: Need to include six tribes in the list of Scheduled Tribes in Assam.

श्री रामेश्वर तेली (डिबूगढ़) : सभापति महोदय, मैं एक गम्भीर विषय सदन में उठाना चाहता हूं। असम में छः जनजातियां मटक, मोरान, चायज, सुतिया, आहुन और कुशराजवंशी बहुत दिनों से मांग कर रही हैं कि उन्हें जनजातियों की श्रेणी में शामिल किया जाए। इसके लिए मटक छात्र संस्था, मोरान छात्र संस्था, चायज छात्र संस्था, सुतिया छात्र संस्था, आहुन छात्र संस्था और कुशराजवंशी छात्र संस्था बहुत दिनों से अपना आंदोलन जारी रखे हुए हैं। मैं सदन द्वारा केन्द्रीय जनजातीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इन छः जनाजातीयों को जानजाति सूची में शामिल किया जाए, क्योंकि इनका बहुत पुराना ट्राइबल इतिहास रहा है। ये लोग अपने को ट्राइबल घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इन छः जातियों को जनजाति सूची में शामिल किया जाए।